# Manasvi Vani

Date: 02/12/2021

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन








**मनस्वी वाणी संवाददाता**

मुरादनगर दिल्ली मेरठ रोड स्थित आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के नेतृत्व में आईटीएस डेंटल कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका विषय असमानताओं को समाप्त करें, एड्स का अंत करना था। संस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस विषय पर बीडीएस के छात्रों, कर्मचारियों और मरीजों को बीमारी के बारे में जानकारी दी गयी तथा इससे सुरक्षित रहने के उपाय बताये गये। छात्रों के बीच रुचि जागृत करने के लिए एड्स एवं एचआईवी पर वातार्लाप भी आयोजित की गयी।संस्थान के लेक्चर थियेटर में बीडीएस के छात्रों के लिए एचआईवी-एड्स विषय पर एक लेक्चर और क्विज का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य इस बीमारी के बारे में सभी छात्रों में जागरूकता फैलाना था।

आईटीएस डेन्टल कॉलेज के डायरेक्टर-पीजी कोर्सेज, डॉ0 श्रीनाथ ठाकुर, प्रधानाचार्य, डॉ0 देवी चरण शेट्टी तथा सभी दंत चिकित्सकों ने भी सभी छात्रों को प्रोत्साहित तथा जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से प्रेरित किया।एड्स एक जानलेवा बीमारी है जो धीरे-धीरे समूचे विश्व को अपनी गिरफ्त में लेती जा रही है। दुनियाभर के चिकित्सक व वैज्ञानिक वर्षो से इसकी रोकथाम के लिए औषधि की खोज में लगे है। परन्तु अभी तक उन्हें सफलता नहीं मिल सकी है।

# Dainik Vartman

Date: 02/12/2021

3 दैनिक वर्तमान सत्ता

## विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन









**मुरादनगर, एमए मलिक, वर्तमान सत्ता।** आईटीएस–द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ0 आर0पी0 चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा के कुशल मार्गदर्शन से आई0टी0एस0 डेंटल कॉलेज, गाजियाबाद में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका विषय असमानताओं को समाप्त करें, एड्स का अंत करना था। विश्व एड्स दिवस की शुरूआत वर्ष 1988 में विष्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू0एच0ओ0) द्वारा की गई थी और यह एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिषिएंसी सिंड्रोम (एड्स) के बारे में जन–जागरूकता बढ़ाने के उद्देष्य से पहला वैष्विक स्पास्थ्य दिवस था। एड्स ह्यूमन इम्यूनो वायरस (एच0आई0वी0) के संक्रमण के कारण होने वाली एक महामारी है, जो मानव प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रभावित करती है। इस अवसर पर संस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस विषय पर बी0डी0एस0 के छात्रों, कर्मचारियों और मरीजों को बीमारी के बारे में जानकारी दी गयी तथा इससे सुरक्षित रहने के उपाय बताये गये। छात्रों के बीच रुचि जागृत करने के लिए एड्स एवं एच0आई0वी0 पर वार्तालाप भी आयोजित की गयी। संस्थान के लेक्चर थियेटर में बी0डी0एस0 के छात्रों के लिए एच0आई0वी0–एड्स विषय पर एक लेक्चर और क्विज का आयोजन किया गया। जिसका उद्देष्य इस बीमारी के बारे में सभी छात्रों में जागरूकता फैलाना था। आई0टी0एस0 डेन्टल कॉलेज के डायरेक्टर–पी0जी0 कोर्सेज, डॉ0 श्रीनाथ ठाकुर, प्रधानाचार्य, डॉ0 देवी चरण शेट्टी तथा सभी दंत चिकित्सकों ने भी सभी छात्रों को प्रोत्साहित तथा जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से प्रेरित किया। एड्स एक जानलेवा बीमारी है जो धीरे–धीरे समूचे विश्व को अपनी गिरफ्त में लेती जा रही है। दुनियाभर के चिकित्सक व वैज्ञानिक वर्षो से इसकी रोकथाम के लिए औषधि की खोज में लगे है। परन्तु अभी तक उन्हें सफलता नहीं मिल सकी है। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागीयों ने आई0टी0एस0–द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ0 आर0पी0 चड्ढा, वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा तथा सेक्रेट्री, श्री भूषण कुमार अरोड़ा को धन्यवाद दिया।

# Drashti Sagar

Date: 02/12/2021

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

■ दृष्टि सागर संवाददाता




**गाजियाबाद।** आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा के कुशल मार्गदर्शन से आईटीएस डेंटल कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका विषय असमानताओं को समाप्त करें, एड्स का अंत करना था।

विश्व एड्स दिवस की शुरूआत वर्ष 1988 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा की गई थी और यह एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिषिएंसी सिंड्रोम (एड्स) के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देष्य से पहला वैष्विक स्वास्थ्य दिवस था। एड्स ह्यूमन इम्यूनो वायरस (एचआईवी) के संक्रमण के कारण होने वाली एक महामारी है, जो मानव प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रभावित करती है।

इस अवसर पर संस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस विषय पर बीडीएस के छात्रों, कर्मचारियों और मरीजों को बीमारी के बारे में जानकारी दी गयी तथा इससे सुरक्षित रहने के उपाय बताये गये। छात्रों के बीच रुचि जागृत करने के लिए एड्स एवं एचआईवी पर वातार्लाप भी आयोजित की गयी।

संस्थान के लेक्चर थियेटर में बीडीएस के छात्रों के लिए एचआईवी-एड्स विषय पर एक लेक्चर और क्विज का आयोजन किया गया। जिसका उद्देष्य इस बीमारी के बारे में सभी छात्रों में जागरूकता फैलाना था।

आईटीएस डेन्टल कॉलेज के डायरेक्टर-पीजी कोर्सेज, डॉ श्रीनाथ ठाकुर, प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी तथा सभी दंत चिकित्सकों ने भी सभी छात्रों को प्रोत्साहित तथा जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से प्रेरित किया। एड्स एक जानलेवा बीमारी है जो धीरे-धीरे समूचे विश्व को अपनी गिरफ्त में लेती जा रही है। दुनियाभर के चिकित्सक व वैज्ञानिक वर्षो से इसकी रोकथाम के लिए औषधि की खोज में लगे है।

## एड्स दिवस पर नेहरू युवा केंद्र-शंभूदयाल कॉलेज ने की साझा पहल




शंभू दयाल डिग्री कालेज के प्राचार्य डा. अखिलेश मिश्र ने कहा कि एड्स से बचने के लिए दवा के साथ–साथ सावधानी बहुत जरूरी है। डा. मिश्र नेहरू युवा केन्द्र गाजियाबाद और राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई शम्भूदयाल डिग्री कॉलेज गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में एसडी कॉलेज सभागार में विश्व एड्स दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। डा.मिश्र ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि एड्स से बचाव के लिए सावधानी बहुत ही आवश्यक है। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने एड्स क्या है, क्यों होता है तथा इससे बचने के लिए क्या सावधानी जरूरी है पर विस्तृत विचार रखे। कॉलेज की प्रोफेसर डा. कमलेश भारद्वाज ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र छात्राओं में निधि, शिवानी एवं अरविंद ने भी एड्स के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र गाजियाबाद के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मुकन्द वल्लभ शर्मा ने कहा कि 1 दिसम्बर, 1988 से लगातार एड्स दिवस पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है।